

MS. SAIKHOM MIRABAI CHANU

Ms. Saikhom Mirabai Chanu is a female weightlifter.

2. Born on August 08, 1994, Ms. Chanu hails from the State of Manipur. She has various national and international championship to her credit. She has participated in a number of national championships. She won Gold medal in 5th National Weightlifting Championship in 2009; National Junior Weightlifting Championship in 2011; National Junior Weightlifting Championship in 2012; Junior National Weightlifting Championship in 2012; Junior National Weightlifting Championship in 2013 and Senior National Weightlifting Championship in 2017. She also won Silver medal in National Junior Weightlifting Championship in 2010; National Senior Women Weightlifting Championship in 2013; National Senior Women Weightlifting Championship in 2014; XXXV National Games in 2015 and National Senior Women Weightlifting Championship in 2015.

3. Ms. Chanu won Gold medal in the 48 kg category in international events like World Weightlifting Championships held in Anaheim, United States in 2017; South Asian Games, Shillong in 2016; Common Senior Women Weightlifting Championship, Australia in 2017. Ms. Chanu won Silver medals in Asian Junior Weightlifting Championship, Kzakisthan in 2013; XX Commonwealth Games, Glasgow in 2014; Asian Junior Weightlifting Championship, Thailand in 2014 and Commonwealth Senior Women Weightlifting Championship, Pune in 2015. Ms. Chanu also qualified for the 2016 Rio Olympics in the women's 48 kg category.

4. For her dedication to the sport and her excellence in the sport, Ms. Chanu was felicitated by the Manipur Chief Minister N. Biren Singh who also presented her with a Cheque for Rs 20 lakh.



सुश्री साईखोम मिराबाई चानू

सुश्री साईखोम मिराबाई चानू, एक महिला वेटलिफ्टर हैं।

2. आपका जन्म 08 अगस्त, 1994 में हुआ था। आप मणिपुर राज्य से संबंध रखती हैं। आपने अपने नाम विभिन्न प्रकार की राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय चैम्पियनशिप अर्जित की हैं। आपने अनेक राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लिया। आपने वर्ष 2009 में 5वें नेशनल वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप, वर्ष 2011 में नेशनल जूनियर वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप, वर्ष 2012 में नेशनल जूनियर वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप, वर्ष 2012 में ही जूनियर नेशनल वेटिलिफ्टिंग चैम्पियनशिप, वर्ष 2013 में जूनियर नेशनल वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप और वर्ष 2017 में सीनियर नेशनल वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। आपको वर्ष 2010 में नेशनल जूनियर वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में, वर्ष 2013 में नेशनल सीनियर महिला वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में, वर्ष 2014 में नेशनल सीनियर महिला वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में, वर्ष 2015 में XXXV वें नेशनल खेलों में, और 2015 में ही नेशनल सीनियर महिला वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में रजत पदक भी प्राप्त हुआ है।

3. आपने वर्ष 2017 में अनाहेइम, यूनाइटेड स्टेट में आयोजित विश्व वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप, वर्ष 2016 में साउथ एशियाई खेल, शिलांग, वर्ष 2017 में कॉमन सीनियर महिला वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप, आस्ट्रेलिया जैसे अन्तरराष्ट्रीय खेलों में 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। आपने वर्ष 2013 में एशियाई जूनियर वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप, कजाकिस्तान, वर्ष 2014 में XX वें राष्ट्रमण्डल खेल, ग्लासगो, वर्ष 2014 में ही एशियाई जूनियर वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप, थाईलैंड और वर्ष 2015 में राष्ट्रमण्डल सीनियर महिला वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप, पुणे में रजत पदक भी जीते हैं। आपने महिलाओं के 48 कि.ग्रा. वर्ग में 2016 रिओ ओलम्पिक्स के लिए भी क्वालीफाई किया है।

4. खेल के प्रति आपके समर्पण और आपकी उत्कृष्टता के लिए, मणिपुर के मुख्य मंत्री श्री एन. बीरेन सिंह ने आपको सम्मानित करते हुए, 20 लाख रूपए का चेक भी भेंट किया है।